दिन– रविवार दिनांक– 30 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतंत्र में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया।

02. आज आधी रात से तीन नये आपराधिक कानून देशभर में लागू हो जायेंगे।

03. जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नए थल सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन चार दिनों में राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि दो हजार चौबीस का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था जिसमें पैंसठ करोड़ लोगों ने मतदान किया । उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में ऐसा कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने इसके लिए चुनाव आयोग और मतदान प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को बधाई दी।

———बाईट———

मैं आज देशवासियों को धन्यवाद भी करता हूँ कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूँ।

श्री मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– एक पेड़ माँ के नाम का उल्लेख करते हुए लोगों से अपील की कि वे अपनी मां के साथ या अपनी मां की स्मृति में एक पेड़ लगाएं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि लोग अपनी माता के साथ या उनकी तस्वीर के साथ पेड़ लगाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस अभियान से धरती माता को भी लाभ होगा और उसकी रक्षा भी होगी।

———बाईट———

इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है – 'एक पेड़ माँ के नाम'। मैंने भी एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी माँ के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं।

प्रधानमंत्री ने मानसून का उल्लेख करते हुए इस सीजन में भी वोकल फॉर लोकल का आह्वान किया। श्री मोदी ने केरल में बनाए जाने वाली एक विशेष छतरी– कार्थुम्बी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं ने उद्यमिता का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अन्य भागों में भी ऐसे ही प्रयास किये जाने चाहिए।

———बाईट———

केरला की संस्कृति में छातों का विशेष महत्व है। छाते, वहाँ कई परंपराओं और विधि–विधान का अहम हिस्सा होते हैं। लेकिन मैं जिस छाते की बात कर रहा हूँ, वो हैं 'कार्थुम्बी छाते' और इन्हें तैयार किया जाता है केरला के अट्टापडी में। इन छातों को केरला की हमारी आदिवासी बहनें तैयार करती हैं।

श्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इसे कुवैत रेडियो पर हर रविवार को आधे घंटे के लिए प्रसारित किया जाता है। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय फिल्म और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहां भारतीय समुदाय के बीच काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री ने इस पहल के लिए कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि भारतीय संस्कृति विश्व में गौरव अर्जित कर रही है। उन्होंने तुर्कमेनिस्तान का उदाहरण दिया, जहां इस वर्ष मई में उस देश के राष्ट्रीय कवि की तीन सौवीं जयंती मनाई गई थी।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में हाल ही में संपन्न योग दिवस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया । प्रधानमंत्री ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में शामिल हो रहे भारतीय दल के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था। वो ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद करते है।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन आज अपने प्रसारण के पचास वर्ष पूरे कर रहा है। उन्होंने कहा कि पचास वर्षों से लगातार इस बुलेटिन ने बहुत से लोगों को संस्कृत से जोड़ रखा है।

———बाईट———

मम प्रियारू देशवासिनरू अद्य अहं किञ्चित् चर्चां संस्कृत भाषायां आरंभे। आप सोच रहे होंगे कि मन की बात में अचानक संस्कृत में क्यों बोल रहा हूं? आज तीस जून को आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन अपने प्रसारण के 50 साल पूरे कर रहा है। मैं ऑल इंडिया रेडियो परिवार को बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से लोगों से एक बार फिर जुड़ने में प्रसंन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मन की बात रेडियो का कार्यक्रम कुछ महीनों के लिए रूक गया था लेकिन देश और समाज में मन की बात की भावना लगातार बनी रही। श्री मोदी ने कहा कि मन की बात के माध्यम से भारत की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और विकसित भारत बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा होती रहेगी।

———————————————————————

प्रदेश में भी कई स्थानों पर सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने सामुहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम सुना। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई मंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि अपराध और अपराधियों पर नकेल के लिए राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। श्री चौधरी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में पूर्ण रूप से सुशासन है और अपराधी कोई भी हो बख्शा नही जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि नव निर्वाचित कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा पार्टी की जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से

निभायेंगे। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने कहा कि वे राष्ट्रीय राजधानी में रहकर पार्टी के काम को आगे बढ़ायेंगे।

———बाईट———

————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान ने बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग का समर्थन किया है। श्री पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी विशेष राज्य के दर्जे की मांग की पक्षधर है। उन्होंने कहा कि एनडीए के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है इसलिए स्वभाविक रूप से ये मांग उनसे ही की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————

तीन नए आपराधिक कानून—भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम आज आधी रात से लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कीं हैं और वे इन कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण तथा जागरुकता उत्पन्न करने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

ये विधेयक पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में पारित किये गये थे। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का लक्ष्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, किसी भी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करना और साथ ही पीड़ितों को एफआईआर की मुफ्त प्रति मिलना शामिल है। इसके अलावा, गिरफ्तारी की स्थिति में व्यक्ति को इच्छानुसार किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार है। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को भी प्राथमिकता दी गई है। अर्पिता की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्राची प्रिया।

————————————————————————

कानूनविदों ने तीनों नयें अधिनियमों में किए गए सुधारों की सराहना की है। विधि मामलों के जाने माने शिक्षाविद और चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटना के कुलपति प्रोफेसर फैजान मुस्तफा ने भारतीय न्याय संहिता में सामुदायिक सेवा के प्रावधान को स्वागत योग्य बताया है।

———बाईट———

वहीं, पूर्व आईपीएस अधिकारी अनुराधा शंकर ने कहा है कि ये तीनों कानून भारतयी द्वारा बनाए गए है। इसमें न्याय पर अधिक जोर दिया गया है।

———बाईट———

————————————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सीबीआई के अधिकारियों ने आज नीट यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक होने के मामले में पटना के बेऊर केन्द्रीय कारा में बन्द कई आरोपियों से पूछताछ की। सीबीआई ने इस मामले में पटना जेल में लगातार दूसरे दिन पूछताछ की है। सीबीआई इस मामले में अब तक बिहार और झारखंड से पांच संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चुकी है। बेऊर जेल में बंद तेरह अन्य आरोपियों से भी पूछताछ की जा रही है, जिन्हें बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पहले गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने चौबीस जून को यह मामला अपने हाथ में लिया था।

————————————————————————————

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज नई दिल्ली में नए थल सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जनरल द्विवेदी ने पन्द्रह दिसंबर उन्नीस सौ चौरासी को थलसेना की इन्फैंट्री– जम्मू और कश्मीर राइफल्स में कमिशन प्राप्त किया था।

————————————————————————————

मॉनसून के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले तीन से चार दिनों तक प्रदेश के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य समेत विभिन्न भागों में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान सीतामढ़ी, शिवहर, भोजपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, पूर्णियां, मधुबनी और सुपौल में भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इधर, विभाग ने अगले एक से दो घंटों के दौरान वैशाली और बांका जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि बिहार के उपर एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके प्रभाव से बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है।

———बाईट———

---

नवादा और जमुई जिले में डूबने की अलग–अलग घटनाओं में आज चार बच्चों की मौत हो गई।

---

समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदपुर सकरा गांव में अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक और एक अन्य व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना के बाद लूटपाट करने के बाद अपराधी हथियार का भय दिखाकर फरार हो गए।

---

जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पशुओं से भरा एक कन्टेनल जब्त किया गया है।

---

बांका से भाजपा विधायक राम नारायण मंडल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आज वृक्षारोपण किया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतंत्र में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया।
02. आज आधी रात से तीन नये आपराधिक कानून देशभर में लागू हो जायेंगे।
03. जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नए थल सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन चार दिनों में राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

---

समाप्त